# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 30/09/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 277/2024
30 सितम्बर 2024
एरोड्रम ग्राउंड, बलियापुर, धनबाद
=================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज धनबाद में आयोजित " JHARKHAND SKILL CONCLAVE 2024 – जॉब ऑफर लेटर-सह-रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता वितरण" समारोह में मुख्य अथिति के रूप में हुए सम्मिलित, 36996 लाभुकों को सौंपा जॉब ऑफर लेटर।
===============

★ मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले को 178 करोड़ रुपए से अधिक की दी सौगात, 129 करोड़ की 133 योजनाओं की रखी आधारशिला एवं 48 करोड़ की 84 योजनाओं का किया उद्घाटन।
================

★ मुख्यमंत्री ने कहा - सरकार की योजनाओं से लाभान्वित युवा पीढ़ी खुले आसमान में उड़ने को है तैयार।

★ रोजगार उपलब्ध कराने का निरंतर हुआ है प्रयास

★ राज्य सरकार सभी जिलों में श्रम आवासीय विद्यालयों का संचालन करेगी

★ शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में  प्रतिबद्धता के साथ हुआ कार्य

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड
=========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज एरोड्रम ग्राउंड, बलियापुर, धनबाद में आयोजित " JHARKHAND SKILL CONCLAVE 2024 – जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता वितरण " समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों के लिए बेहद खास दिन है। इस ऐतिहासिक पल में जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक -युवतियों से यही कहूंगा कि अब आप खुले आसमान में उड़ने को तैयार है। देश-विदेश से आए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आज आपको जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया जा रहा है। अब आपके पास भरपूर मौका है कि आप अपने आप को तराशकर रोजगार अर्जित करें। विभिन्न कंपनियों के सी.ई.ओ तथा एम.डी अब राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही है। मेरी ओर से भी आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल रहें।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के नौजवानों को हमारी सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार विशेष कर युवाओं के मार्ग प्रशस्त हेतु काम करने में सफल रहेगी।

**श्रम विभाग के माध्यम से राज्य में खुलेंगे श्रम आवासीय स्कूल, विशेष कर गरीब व मजदूर वर्ग के बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के नौजवानों की मार्ग प्रशस्त करने के हेतु निरंतर कार्य कर रही है। राज्य के युवा पीढ़ी कैसे मजबूत हो, इसके प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। अब हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि श्रम विभाग के माध्यम से राज्य के सभी जिला में श्रम स्कूल खोला जाएगा। राज्य के सभी जिलों में गरीब व मजदूर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।

**शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ध्यान केंद्रित कर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि किस प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। इसी के मद्देनज़र हमने प्रदेश के सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय खोले। ताकि राज्य के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले नौजवानों से कहा कि आज आपसभी का यह पहला पड़ाव है। आने वाले समय में आप एक बड़ा लक्ष्य और उद्देश्य के साथ तेज गति से आगे बढ़ते हुए लम्बा छलांग लगाने में जरूर कामयाब होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के बहुत से नौजवानों ने निजी क्षेत्र की कंपनियों में 20 से 25 हजार रुपए की सैलरी से काम करना शुरू किया था, आज वही नौजवान लाखों रुपए की सैलरी में देश-

विदेश की कई जाने-माने कंपनियों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं को इस प्रकार सुदृढ़ और मजबूत बनाया जाए कि बदलते वक्त के अनुसार गरीब, मजदूर, किसान सभी वर्ग समुदाय के बच्चे भी कदम से कदम मिलाकर चल सकें, इस निमित्त हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**रोजगार उपलब्ध कराने का निरंतर हुआ है प्रयास**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से लोगों को ऋण उपलब्ध कराकर विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेती-बाड़ी की नई और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा दे रही है ताकि पढ़े लिखे नौजवान भी खेती से जुड़कर आय का स्रोत ढूंढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में बेहतर प्रयास करते हुए लोगों को निरंतर रोजगार के कई योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया गया है।

**मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं..**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों से कहा कि आप सभी के लिए आज अपने परिजनों के साथ खुशी मनाने का दिन है। निश्चित रूप से आपके घर में आज मुस्कान आएगी। इस ऐतिहासिक क्षण के लिए आप सबको बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जोहार।

**इन योजनाओं का हुआ उद्घाटन-शिलान्यास**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 129 करोड़ 30 लाख 29 हजार 63 रुपए की 133 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं 48 करोड़ 81 लाख 90 हजार 836 रुपए की 84 योजनाओं का उद्घाटन भी किया। जिसमें धनबाद नगर निगम की 44 करोड़ से अधिक की 83, ग्रामीण कार्य विभाग की 52.73 करोड़ की 20, पेयजल एवं स्वच्छता (यांत्रिक प्रमंडल) की 3.85 करोड़ की 10, झारखंड शिक्षा परियोजना की 9.93 करोड़ की 8, कल्याण विभाग की 1.29 करोड़ की 7, भवन प्रमंडल की 91 लाख की 3, पथ निर्माण विभाग की 5.50 करोड़ की एक एवं जे.एस.बी.सी.सी.एल. पी.आई.यू. की 11 करोड़ की एक योजना का शिलान्यास किया। वहीं धनबाद नगर निगम की 46.27 करोड़ की 76, भवन प्रमंडल की 2.09 करोड़ की 7 तथा पेयजल एवं स्वच्छता (यांत्रिक) प्रमंडल की 44.93 लाख की एक योजना का उद्घाटन किया।

**इस कार्यक्रम में मंत्री श्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री श्री इरफ़ान अंसारी, विधायक श्री मथुरा प्रसाद महतो, विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व विधायक श्री फूलचंद मंडल, अपर सचिव, श्रम,**

नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग श्री सुनील कुमार, श्रमायुक्त श्री संजीव कुमार बेसरा, झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के निदेशक श्री शैलेन्द्र कुमार लाल, नवरिस के सीईओ  मिस. तकाको ओशिबुचि, नवरिस के एमडी श्री संबंधन राजकुमार , ईएफसी ग्लोबल फेसिलिटीज से मिस श्रुति कार्तिक के अलावा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहें।

**###**

**==========================**

**TeamPRD(CMO)**